स्व-सहायता समूह से बहनों के जीवन में नए सूर्य का हुआ उदय : डॉ. यादव

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने की पहल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की है प्रमुख भूमिका

भोपाल (काप्र)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्व-सहायता समूह महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को बेहतर बनाने का एक सशक्त माध्यम है। इससे न केवल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि महिलाएं आर्थिक रूप से समृद्ध भी हो रही है।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने की पहल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की प्रमुख भूमिका है। सशक्त नारी ही समृद्ध प्रदेश का आधार हैद्य डॉ. यादव बुधवार को धार जिले के कुक्षी में आयोजित स्व-सहायता समूह सम्मेलन सह-पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश की बहनों को निकाय चुनाव में 50प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। साथ ही 2029 तक लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में महिलाओं को 33त्न आरक्षण के प्रयास

भी किये जा रहे हैं। जमीन या मकान की रजिस्ट्री महिला के नाम पर करने पर पंजीयन शुल्क में छूट दी जा रही है। लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। महिला स्व-सहायता समूह की बहनों ने हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर अपना सामर्थ्य दिखाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देशभर की महिलाएं सशक्त हो रही हैं। आज जनजातीय वर्ग की महिला देश की राष्ट्रपति हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हजारों सालों से देवियों की पूजा होती रही है। नवरात्रि में 9 दिन देवी की आराधना की जाती है। दुनिया में भारत ही एकमात्र देश है, जो राष्ट्र को माता मानता है। राज्य सरकार हर माह लाड़ली बहनों के खाते में 1250 रुपए डालकर रक्षाबंधन मना रही है। सभी पात्र लाड़ली बहनों को 1250 रुपए की राशि मिलती रहेगी। अगर बहनों के हाथों में पैसे आएंगे तो परिवार में कुछ बचत होगी। सरकार बहन-बेटियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। यह परिवार और समाज को सशक्त बनाने का एक प्रयास है।

डॉ. यादव ने कहा कि गौमाता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। प्रदेश के हर घर को गोकुल बनाएंगे। राज्य सरकार द्वारा दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से नई गौपालन योजना बनाई गई है। भविष्य में गौशालाओं के माध्यम से प्रदेश की बहनों के जीवन में भी बड़ा बदलाव आ सकता है। राज्य सरकार उन्हें नए व्यवसाय से जोड़ने के कार्य कर रही है। अब स्व-सहायता समूह की महिलाओं को गौशालाओं से जोड़ेगे और समूह की महिलाएं दूध से बने उत्पाद जैसे- मिठाई, रबड़ी, कलाकंद तैयार करेंगी। बहन-बेटियों की मिठाई की दुकान खुलेगी, उनकी आय बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिये प्रतिबद्ध हमारी सरकार ने कपड़ा कारखानों में काम करने वाली बहनों को 5000 रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में अलग से देगी। कंपनी मालिक भी 8000 रुपए मेहनताना देंगे। इस प्रकार उनकी मासिक आय 14 हजार 250 रुपए सुनिश्चित हो जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए 24 घंटे काम कर रही है। राज्य सरकार ने 1 लाख शासकीय पदों पर भर्ती का अभियान शुरू किया है। आने वाले कुछ दिनों में प्रमोशन के लिए स्वीकृति देकर राज्य सरकार 4 लाख से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों को सौगात देगी।

डॉ. यादव एवं गडकरी आज देंगे सड़कों और फ्लाई ओवर की बड़ी सौगातें

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी गुरुवार को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के लिये धार जिले के खेड़ा (बदनावर) में समारोहपूर्वक सड़कों और फ्लाई ओवर की सौगातें देंगे। केन्द्रीय मंत्री गडकरी उज्जैन-बदनावर खंड पर नवनिर्मित 4 लेन सड़क का लोकार्पण करेंगे। साथ ही उज्जैन-गरोठ के खेड़ा खजुरिया से सुहागड़ी तक 4/6 लेन ग्रीनफील्ड हाई-वे, उज्जैन-गरोठ के सुहागड़ी से बर्डिया अमरा तक 4/6 लेन ग्रीनफील्ड हाई-वे, जीरापुर-सुसनेर-मध्यप्रदेश एवं राजस्थान बॉर्डर खंड पर पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन सड़क और बाकानेर घाट पर पेव्ड शोल्डर के साथ अतिरिक्त 3 लेन सड़क का भी लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में संदलपुर-नसरुल्लागंज खंड पर 4-लेन सड़क, चंदेरी-पिछोर खंड पर पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन सड़क, इंदौर-गुजरात खंड पर 7 फ्लाई ओवर एवं अंडरपास, शाजापुर, कनासिया एवं एमआईडीसी इंडस्ट्रीयल एरिया में 3 फ्लाई ओवर, अंडरपास तथा रसलपुर जंक्शन पर फ्लाई ओवर के कार्यों का शिलान्यास किया जायेगा। बहुप्रतीक्षित उज्जैन-बदनावर फोर-लेन हाई-वे, जिसकी लंबाई 69.100 किलोमीटर है, अब पूरी तरह से तैयार हो चुका है। यह परियोजना मई 2022 में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा जीआर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को सौंपी गई थी। यह हाई-वे आधुनिक इंजीनियरिंग और उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे का एक शानदार उदाहरण है। इस परियोजना में दो रेलवे ओवरब्रिज, 4 बड़े पुल, 7 छोटे पुल, एक इंटरचेंज, 2 फ्लाईओवर, 31 अंडरपास, 140 कलवर्ट, 42 बस शेल्टर/बस-वे और 4 वे-साइड सुविधाएं शामिल हैं।

जनहित की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : विष्णुदत्त

भोपाल (काप्र)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को छतरपुर जिले के चंदला सर्किट हाउस एवं पन्ना जिले की पन्ना विधानसभा के टाउन हॉल में सक्रिय सदस्य सम्मेलन को संबोधित कर 'गांव-बस्ती चलो अभियान' के तहत पन्ना में लाभार्थियों से संपर्क कर चौपाल चर्चा की एवं सामाजिक नेताओं से संपर्क किया।

श्री शर्मा ने चंदला एवं पन्ना विधानसभा में सक्रिय सदस्य सम्मेलनों को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ के कार्यकर्ता ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्हीं के परिश्रम से हमने सदस्यता अभियान में आशा से अधिक सदस्य बनाए। हमने हर बूथ पर 200 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन कार्यकर्ताओं ने अपने परिश्रम से 250-300 सदस्य बनाए। इन्हीं कार्यकर्ताओं के दम पर मध्यप्रदेश में हमारी प्रचंड बहुमत की सरकार बनी है। निस्वार्थ भाव से काम करने वाले इन्हीं कार्यकर्ताओं की मेहनत से आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। यही कार्यकर्ता भाजपा के ब्रांड एंबेसेडर हैं, पार्टी के चेहरे हैं। यही कार्यकर्ता जनता के बीच भाजपा की छवि बनाते हैं और जनहित की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी उन्हीं के कंधों पर है। श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 1980 में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में हुई। देश की आजादी के बाद प्रथम प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने संविधान में जम्मू-कश्मीर के लिए धारा 370 का प्रावधान कर दिया। इसके अनुसार वहां का संविधान अलग, प्रधानमंत्री अलग और झंडा भी अलग हो गया। जम्मू-कश्मीर में किसी सफाईकर्मी का बच्चा योग्य होने के बावजूद सफाइकर्मी ही बने रहने के लिए अभिशप्त था। नेहरू मंत्रिमंडल में उस समय उद्योग मंत्री रहे डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी ने इसका विरोध किया।

शुचि उपाध्याय को भारतीय टीम में चयन होने पर दी बधाई

भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंडला की बेटी सुश्री शुचि उपाध्याय को भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चयन होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह प्रदेशवासियों के लिए आनंद का विषय है कि प्रदेश की बिटिया सुश्री शुचि श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध होने वाले त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारतीय टीम में चयनित हुई है। डॉ. यादव ने विश्वास व्यक्त किया है कि सुश्री शुचि अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से मध्यप्रदेश और देश का नाम रोशन करेगी। दिनांक 27 अप्रैल से 11 मई तक होने वाले टूर्नामेंट में भारतीय टीम अपना प्रथम मुकाबला 27 अप्रैल को श्रीलंका के साथ खेलेगी।

प्रदेश के जोनल और जिला अंगुल चिन्ह विशेषज्ञों का सेमिनार संपन्न

भोपाल (काप्र)।

अंगुल चिन्ह ब्यूरो, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा पुलिस मुख्यालय के नवीन सभागार कक्ष में प्रदेश के समस्त जोनल और जिला अंगुल चिन्ह विशेषज्ञों के लिए एक दिवसीय सेमिनार एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो जयदीप प्रसाद द्वारा की गई ।

इस कार्यक्रम में राअअ ब्यूरो से उप पुलिस महानिरीक्षक हेमंत चौहान, सहायक पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती ऋचा चौबे,संचालक, अंगुल चिन्ह ब्यूरो मनोज सिंह राजपूत, जोनल एवं जिला अंगुल चिन्ह विशेषज्ञों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सेमिनार में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक द्वारा अंगुल चिन्ह विशेषज्ञों के पिछले विगत वर्ष के कार्यों की समीक्षा की गई तथा राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश अंगुल चिन्ह ब्यूरो द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो एवं एनएएफआईएस के माध्यम से अपराधियों की पतारसी कर अपराध अन्वेषण में दिए गए महत्त्वपूर्ण योगदान की सराहना की गई। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक द्वारा अंगुल चिन्ह क्षेत्र में व्यवसायिक दक्षता में वृद्धि करने के साथ-साथ नवीन शोध कार्य करने के सुझाव भी दिये गये । इस अवसर पर राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा हाल ही में स्मार्ट यूज ऑफ फिंगर प्रिंट साइंस इन इनवेस्टिगेस 2024 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर जिला बैतूल में पदस्थ अंगुल चिन्ह विशेषज्ञ श्री आबिद अहमद अंसारी को प्रमाण पत्र अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रदान किया गया।

समापन सत्र में हेमंत चौहान, उप पुलिस महानिरीक्षक द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशेषज्ञों को पुरुस्कृत करने एवं समस्त अंगुल चिन्ह विशेषज्ञों को अपनी दक्षता में वृद्धि करने, जिला व ज़ोनल इकाइयों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने एवं अपने कार्यों में सुधार हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

पेज एक से जारी खबरों के शेष...

75 देशों में बढ़े टैरिफ .....

बीच छिड़ा टैरिफ वॉर थमता नजर नहीं आ रहा है। अमेरिका ने चीन पर 104 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। जिसके बाद चीन ने भी 85 प्रतिशत टैरिफ बढ़ाने की घोषणा की। चीन की इस घोषणा के कुछ घंटों बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी सामानों पर टैरिफ 104 प्रतिशत से बढ़ाकर 125 प्रतिशत करने की घोषणा की है। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रूथ सोशल पर इस बात की घोषणा की। ट्रंप की इस घोषणा के साथ ही दुनिया की दो महाशक्तियों के बीच चल रहा टैरिफ वॉर और तेज होता नजर आ रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया के 75 से अधिक देशों के लिए 90 दिनों की टैरिफ में छूट देने की भी घोषणा की है। ट्रंप ने कहा कि इन देशों ने अमेरिकी वाणिज्य विभाग, ट्रेजरी और यूएसटीआर से व्यापार और मुद्रा हेरफेर जैसे मुद्दों पर बातचीत शुरू की है। इन देशों के साथ व्यापार पर अगले 90 दिनों तक सिर्फ 10 फीसदी का रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया जाएगा।

भारत की प्रगति से ....

संदर्भ में भारतीय संस्कृति में नौ अंक के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि जैन धर्म में नवकार महामंत्र, नौ तत्व, नौ पुण्य और अन्य परंपराओं में, नौ निधि, नवद्वार, नवग्रह, नवदुर्गा, नवधा भक्ति, नौ, हर जगह है। श्री मोदी ने कहा कि जब हम नवकार महामंत्र बोलते हैं, हम नमन करते हैं 108 दिव्य गुणों का, हम स्मरण करते हैं मानवता का हित, ये मंत्र हमें याद दिलाता है -ज्ञान और कर्म ही जीवन की दिशा है, गुरू ही प्रकाश है और मार्ग वही है जो भीतर से निकलता है। नवकार महामंत्र कहता है, स्वयं पर विश्वास करो, स्वयं की यात्रा शुरू करो, दुशमन बाहर नहीं है, दुशमन भीतर है। उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र सही माइने में मानव ध्यान, साधना और आत्मशुद्धि का मंत्र है। उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र का ये दर्शन विकसित भारत के विज़न से जुड़ता है। मैंने लालकिले से कहा है- विकसित भारत यानि विकास भी, विरासत भी! एक ऐसा भारत जो रुकेगा नहीं, ऐसा भारत जो थमेगा नहीं। जो ऊंचाई छूएगा, लेकिन अपनी जड़ों से नहीं कटेगा। विकसित भारत अपनी संस्कृति पर गर्व करेगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दो ....

सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) की उप-योजना के रूप में 1600 करोड़ रुपये के प्रारंभिक कुल परिव्यय के साथ कमांड क्षेत्र विकास और जल प्रबंधन के आधुनिकीकरण को मंजूरी दी। पीआईबी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने एनएच-7 के साथ जंक्शन से शुरू होकर एनएच-5 (जीरकपुर-परवाणू) के साथ जंक्शन पर समाप्त होने वाले 6 लेन वाले जीरकपुर बाईपास के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इसमें बताया गया है कि इसकी कुल लंबाई 19.2 किलोमीटर है। यह निर्माण पंजाब और हरियाणा राज्य में एनएच(ओ) के तहत हाइब्रिड एन्युटी मोड पर किया जाएगा। पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान सिद्धांत के तहत एकीकृत परिवहन बुनियादी ढांचे के विकास की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

26 राफेल लड़ाकू ....

गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान सिद्धांत के तहत एकीकृत परिवहन बुनियादी ढांचे के विकास की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। जीरकपुर बाईपास, जीरकपुर में एनएच-7 (चंडीगढ़-बठिंडा) के जंक्शन से शुरू होता है और पंजाब में पंजाब सरकार के मास्टर प्लान का अनुसरण करता है तथा हरियाणा के पंचकूला में एनएच-5 (जीरकपुर-परवाणू) के जंक्शन पर समाप्त होता है, जिससे पंजाब में जीरकपुर और हरियाणा में पंचकूला के अत्यधिक शहरीकृत और भीड़भाड़ वाले हिस्से से बचा जा सकेगा।

लोकतंत्र को खत्म कर...

प्रयास कर रहे हैं। दलितों के साथ लगातार अत्याचार की घटनाएं हो रही है, लेकिन उन पर किसी का ध्यान नहीं है। मीडिया इस पर ध्यान नहीं देता है क्योंकि यदि इस तरह की घटना दिखाएंगे तो मालिकों को जेल की सजा हो सकती है।श्री खड़गे ने कहा कि कांग्रेस को ऊर्जावान लोगों की जरूरत है और उन्हीं के बल पर कांग्रेस को आगे बढ़ाया जा सकता है। कांग्रेस में सबको सक्रिय होकर पार्टी को मजबूत करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश दिया कि कांग्रेस में जो लोग जिम्मेदारी नहीं निभा सकते, उन्हें रिटायर होना चाहिए और जो योगदान नहीं करते उन्हें आराम करना चाहिए।

रेपो रेट में लगातार दूसरी .....

गवर्नर ने अपने संबोधन में कहा कि नया वित्तीय वर्ष चिंताजनक ढंग से शुरू हुआ है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने बेंचमार्क रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती कर इसे 6प्रतिशत करने का फैसला किया है। यह आरबीआई की लगातार दूसरी रेपो दर में कटौती है। फरवरी में अपनी पिछली नीति समीक्षा में आरबीआई ने बेंचमार्क रेपो दर को 25 आधार अंकों से घटाकर 6.25प्रतिशत कर दिया था, जो लगभग पांच वर्षों में पहली बार कटौती थी।

जिला न्यायालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, 458 ने जांच कराई

भोपाल (हिनप्र)।

विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर जिला न्यायालय परिसर भोपाल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 458 न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, पक्षकारों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कि स्वस्थ रहने के लिए निरंतर अंतराल में स्वास्थ्य परीक्षण करना जरूरी है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया। शुभारंभ अवसर पर श्री राजर्षि श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश एवं श्री सुनीत अग्रवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अन्य न्यायाधीशगण सहित जिला अधिवक्ता संघ के सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित अधिवक्ता संघ के अन्य पदाधिकारी एवं प्रभाकर तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बी.एम. सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी तथा न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे। श्रीवास्तव ने कहा कि नियमित जांच कराने से कोई बीमारी है तो उसे शुरूआत में ही इलाज से समाप्त किया जा सकता है, जांच न कराने के अभाव में छोटी से छोटी बीमारी भी अंदर ही अंदर विकराल रूप ले सकती है।

इसलिए यह जरूरी है कि सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और नियमित अंतराल में स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य करावें। सुनीत अग्रवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आभार व्यक्त किया।

पूर्ण ज्योति सेवा संस्था जरूरतमंदों के लिए भोजन सेवा शुरू करेगी

भोपाल (हिनप्र)।

धार्मिक सामाजिक सेवा संस्था पूर्ण ज्योति सेवा संस्था कई सेवाएं जनकल्याण के लिए आरंभ करने वाली है, जिसकी शुरुआत भूखे को अन्न प्यासे को पानी की सेवा से आरंभ की जाएगी। इस सेवा में गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोग को निशुल्क भोजन प्रदान किया जाएगा। यह सेवा सेवा संस्था के संस्थापक और शिव महापुराण कथा वाचक मुकेशजी के मार्गदर्शन में की जाएगी।

मुकेशजी ने कहा कि अन्न और जल का दाम परम दान है क्योंकि इसके बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है यह मनुष्य की मूल आवश्यकता है और ऐसे कई गरीब लोग हैं जिनको दो वक्त का खाना भी नसीब नहीं होता इसीलिए ऐसे लोगों की मदद करने और उनकी सेवा के लिए पूर्ण ज्योति सेवा संस्था द्वारा यह अभियान चलाया जाएगा। सेवा संस्थान ने मानवता की सेवा मैं सहयोग के लिए सभी से तन मन धन से सेवा करने की अपील की है और इस सेवा से जुड़ने अथवा किसी भी प्रकार के दान धर्म के लिए सेवा संस्था के कार्यालय क्न्यू वार्ड साधु वासवानी स्कूल के पीछे निरंकारी मंडल रोड स्थित पूर्ण ज्योति सेवा संस्था भोले का दरबार कार्यालय पर संपर्क कर अपनी सेवा दे सकते हैं

होल सेल फायर वर्क्स एसो के आसनदास बने अध्यक्ष

भोपाल (हिनप्र)। मध्यप्रदेश होल सेल फायर वर्क्स के सभी सदस्यों ने एक मत से आसानदास चंदनानी को अध्यक्ष मनोनीत किया। चंदनानी के नाम का फैसला मध्य प्रदेश के होल सेल व्यापारियों के मीटिंग में लिया गया, जिसमें मध्यप्रदेश के कई शहरों से व्यापारी शामिल हुए। मीटिंग में मोहित गोपलानी, सुरेश फरवानी, नफीस खान, मनोज जैसवानी, मोहम्मद नफीस प्रमुख रूप से उपस्थित थे। नए अध्यक्ष का स्वागत व्यापारियों ने हार- फूल से किया।

रोजगार से जोड़े बिना सिंधी भाषा का उत्थान संभव नहीं: जसवानी

भोपाल (हिनप्र)।

अखिल भारतीय सिंधी समाज और सिंधी सेंट्रल पंचायत ने सिंधी भाषा दिवस पर भाषा के विकास न होने पर चिंता जताई है।

सिंधी संस्थाओं ने कहा है कि आजादी के 77 साल बाद भी सिंधी भाषा अंतिम सांसें गिन रही है। भाषा के विकास के लिए उसे रोजगार से जोड़ना होगा। अखिल भारतीय सिंधी समाज राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार एवं सिंधी सेन्ट्रल पंचायत संतनगर के महासचिव सुरेश जसवानी ने कहा है कि 10 अप्रैल 1967 को सिंधी भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए भाषा दिवस मनाया जाता है।

आज शहरों में रहने वाले सिंधी परिवारों में 15 प्रतिशत परिवार भी मातृ भाषा में बात नहीं कर रहे हैं। इसके लिए सुरेश जसवानी ने सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है जब तक सिंधी लिपि को रोजगार से नहीं जोड़ जाता, तब तक इसके उत्थान की बात करना बेमानी होगी। जसवानी ने कहा है कि जहां तक भाषा का सवाल है, तो किसी भी भाषा का उसी स्थिति में उत्थान संभव है, या तो भाषाई आधार पर राज्य हो अथवा वह रोजगार का हिस्सा बने।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, लोकेन्द्र मालवीय पुत्र श्री के.एल. मालवीय निवासी एच.आई.जी. 11, बी-सेक्टर सोनागिरी, भोपाल (म.प्र.) का हूँ। यह कि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम लोकेन्द्र मालवीय पुत्र श्री के.एल. मालवीय दर्ज है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम श्याम मालवीय पुत्र श्री डी.एल. मालवीय दर्ज हो गया है। अब श्याम मालवीय पुत्र श्री डी.एल. मालवीय के स्थान पर मेरा नाम लोकेन्द्र मालवीय पुत्र श्री के.एल. मालवीय पढ़ा एवं लिखा जावे।

पुराना नाम : श्याम मालवीय पुत्र श्री डी.एल. मालवीय

नया नाम : लोकेन्द्र मालवीय पुत्र श्री के. एल. मालवीय